# Notice

## Online B.Ed Admission Counseling (2026)

## For Regional Centres Raipur, Bhopal, Nagpur & Jabalpur

## (Nodal RC Raipur)

The B.Ed. Admission Counselling (2026) for candidates of the Regional Centres **Raipur, Bhopal, Nagpur & Jabalpur** will be conducted **through Virtual Mode**. IGNOU Regional Centre, **Raipur** has been designated as the **Nodal Regional Centre** for coordinating the admission process. The counselling and admission process shall be carried out strictly as per the IGNOU B.Ed. Prospectus–2026 and the guidelines issued by the Student Registration Division (SRD), IGNOU, New Delhi.

रायपुर,, भोपाल, नागपुर एवं जबलपुर क्षेत्रीय केन्द्रों के अभ्यर्थियों हेतु बी.एड. प्रवेश परामर्श (2026) का आयोजन ऑनलाइन (Virtual Mode) के माध्यम से किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया के समन्वय हेतु **इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, रायपुर** को नोडल क्षेत्रीय केन्द्र नामित किया गया है। समस्त प्रवेश प्रक्रिया इग्नू बी.एड. प्रॉस्पेक्टस–2026 तथा छात्र पंजीकरण प्रभाग (SRD), इग्नू, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सम्पन्न की जाएगी।

### Important Instructions / महत्वपूर्ण निर्देश

1. **The merit list is purely provisional** and is subject to verification of the eligibility documents as prescribed in the **IGNOU B.Ed. Prospectus 2026** and availability of seats in the four (04) identified Learner Support Centres (LSCs). The Prospectus can be downloaded from the following link: https://drive.google.com/file/d/1C7lVL0tndFBdaH1Vh9M05AbLOLEwD5mn/view.
   **मेरिट सूची पूर्णतः अनंतिम (Provisional) है।** प्रवेश इग्नू बी.एड. प्रॉस्पेक्टस 2026 में उल्लिखित पात्रता संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन तथा चार (04) निर्धारित अध्ययन केंद्रों (LSCs) में उपलब्ध सीटों के अधीन होगा। प्रॉस्पेक्टस उपर्युक्त लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. Candidates shortlisted in the Merit List and Waiting List should keep the programme fee ready. Fee payment shall be made online, only after receipt of the Admission Offer from the Nodal Regional Centre.
   मेरिट सूची एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थी कार्यक्रम शुल्क तैयार रखें। शुल्क का भुगतान केवल नोडल क्षेत्रीय केन्द्र से प्रवेश प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात ही करें।
3. If any discrepancy is noticed, candidates must submit the required self-attested documents within 72 hours through e-mail to the Nodal Regional Centre.
   यदि किसी प्रकार की विसंगति पाई जाती है, तो अभ्यर्थियों को 72 घंटे के भीतर आवश्यक स्वप्रमाणित दस्तावेज ई-मेल के माध्यम से नोडल क्षेत्रीय केन्द्र को भेजना होगा।
4. The waiting list is subject to change. Candidates from the waiting list may be upgraded to the merit list depending upon vacancies. Admission from the waiting list will be offered only against vacant seats in the respective category.
   प्रतीक्षा सूची (Waiting List) परिवर्तनशील है। रिक्तियों के अनुसार प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में स्थान दिया जा सकता है। प्रवेश संबंधित श्रेणी में उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर ही दिया जाएगा।
5. Candidates seeking admission must possess a Mark Sheet and Certificate of a face-to-face Teacher Education Programme recognized and approved by NCTE.

प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के पास एनसीटीई (NCTE) से मान्यता प्राप्त आमने-सामने (Face-to-Face) शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम की अंकसूची एवं प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है।

6. Candidates who have completed the **D.El.Ed. programme simultaneously with Graduation or Master's Degree**, irrespective of the mode of study, **are not eligible** for admission to the IGNOU B.Ed. Programme. If the duration of one programme overlaps with another, both programmes shall be treated as having been pursued simultaneously. (Refer to Important Instructions under Eligibility Criteria, Points (b) to (g), Pages 33–34 of the IGNOU B.Ed. Prospectus.)

   जिन अभ्यर्थियों ने **डी.एल.एड. कार्यक्रम स्नातक अथवा स्नातकोत्तर डिग्री के साथ एक ही अवधि में (Simultaneously)** किसी भी माध्यम से किया है, वे इग्नू बी.एड. कार्यक्रम में प्रवेश के पात्र नहीं हैं। यदि दोनों कार्यक्रमों की अध्ययन अवधि आपस में ओवरलैप करती है, तो उन्हें एक साथ किया गया माना जाएगा। (विस्तृत जानकारी हेतु बी.एड. प्रॉस्पेक्टस के पृष्ठ 33–34 पर पात्रता संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश, बिंदु (b) से (g) देखें।)
7. Pursuant to the UGC's policy on simultaneously pursuing two academic courses on 13.04.2022, IGNOU had framed its comprehensive policy on pursuing two academic programmes simultaneously which was notified on 02.09.2022. The said notification is also available in public domain on IGNOU's website at the following link: http://www.ignou.ac.in/userfiles/Dual%20degree%20notification.pdf.

8. यूजीसी की दो शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को एक साथ करने की नीति (दिनांक 13.04.2022) के अनुपालन में, इग्नू ने एक समग्र नीति बनाई है, जिसके तहत दो शैक्षणिक कार्यक्रम एक साथ किए जा सकते हैं। यह नीति 02.09.2022 को अधिसूचित की गई थी। उक्त अधिसूचना सार्वजनिक डोमेन में इग्नू की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है http://www.ignou.ac.in/userfiles/Dual%20degree%20notification.pdf

9. IGNOU's notification dated - 02.09.2022 makes it clear that simultaneous admission/registration in two academic programmes will not be applicable for the programmes coming under the regulatory bodies like NCTE or AICTE.

   इग्नू की दिनांक 02.09.2022 की अधिसूचना यह स्पष्ट करती है कि एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश/पंजीकरण की अनुमति उन कार्यक्रमों पर लागू नहीं होगी जो एनसीटीई (NCTE) या एआईसीटीई (AICTE) जैसे नियामक निकायों के अंतर्गत आते हैं।

**10.** Only those candidates whose results are declared and qualified at the time of submitting the entrance form are eligible. The applications would not be considered even though they appeared qualify in the entrance test if they are not fulfilling minimum eligibility at the time of submitting the application form for entrance test.

   केवल वही अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनके परिणाम आवेदन पत्र जमा करने के समय घोषित हो चुके हों और जो न्यूनतम योग्यता पूरी करते हों। यदि किसी अभ्यर्थी ने प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर भी ली हो, लेकिन आवेदन पत्र जमा करते समय न्यूनतम पात्रता पूरी नहीं कर रहा है, तो ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. Candidates must produce a **Recognition Certificate** issued by the competent authority for the institution from where they completed their face-to-face Teacher Education Programme at the time of admission.

प्रवेश के समय अभ्यर्थी को उस संस्थान का **मान्यता प्रमाणपत्र (Recognition Certificate)** प्रस्तुत करना होगा, जहाँ से उसने शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम पूर्ण किया है।

12. Reservation for Persons with Disabilities (PwD/PH) is horizontal and shall be provided as per Government/University norms. The candidate must possess minimum 40% disability certified by a competent medical authority.
    दिव्यांग (PwD/PH) अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण क्षैतिज (Horizontal) होगा तथा शासन/विश्वविद्यालय के नियमानुसार लागू होगा। अभ्यर्थी के पास सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी न्यूनतम 40% दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए।

13. Candidates applying under the OBC (Non-Creamy Layer) category must submit a valid OBC (NCL) Certificate along with an Income Certificate.
    ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों को वैध ओबीसी (NCL) प्रमाणपत्र के साथ आय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

14. Only the Central OBC (Non-Creamy Layer) List shall be considered for reservation benefits.
    ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) के लिए केवल केंद्र सरकार की केंद्रीय सूची (Central List) मान्य होगी।
15. The **Income Certificate** should not be older than **three years** and must be in the prescribed format given in the IGNOU B.Ed. Student Handbook and Prospectus.

    **आय प्रमाणपत्र तीन वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए** तथा यह इग्नू बी.एड. प्रॉस्पेक्टस में निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए।
16. The annual family income of candidates claiming OBC (Non-Creamy Layer) reservation should not exceed Rs 8.00 lakh per annum.
    ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थियों की वार्षिक पारिवारिक आय Rs 8.00 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।
17. The claim of Kashmiri Migrant candidates shall be considered only upon submission of a valid Kashmiri Migrant Certificate issued by the competent authority and subject to confirmation from IGNOU, Headquarters, New Delhi.
    कश्मीरी प्रवासी (Kashmiri Migrant) श्रेणी के अभ्यर्थियों का दावा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने तथा इग्नू मुख्यालय, नई दिल्ली से पुष्टि प्राप्त होने के उपरांत ही स्वीकार किया जाएगा।

If any candidate has any objection regarding the merit list, he/she may submit the same within three (03) days from the date of publication of the merit list by email at: rcraipur@ignou.ac.in.
यदि किसी अभ्यर्थी को मेरिट सूची के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह मेरिट सूची प्रकाशित होने की तिथि से तीन (03) दिनों के भीतर अपना अभ्यावेदन ई-मेल के माध्यम से rcraipur@ignou.ac.in पर भेज सकता/सकती है।

**(Regional Director & Chairperson B.Ed. Admission Committee)**
**Nodal RC Raipur**